गहलोत सरकार के अंतर्कलह की आड़ में कांग्रेस और समर्थित विधायक भ्रष्टाचार में लिप्त : राठौड़

'थानागाजी विधायक के पुत्रों को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए एसीबी के द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाना इस बात का सबूत है'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस एवं उसके समर्थित विधायक सरकार में चल रहे अंतर्कलह की आड़ में मिनी मुख्यमंत्री बनकर संस्थागत भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। राठौड़ ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होकर यह आरोप लगाए।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार अपने घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस और पारदर्शिता में पूर्ण रूप से विफल रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन में भ्रष्टाचार की बेल अब भ्रष्टाचार का बड़ा वृक्ष बन चुकी है। गहलोत सरकार के चौथे वर्ष में संस्थागत भ्रष्टाचार चरम पर है और थानागाजी विधायक के पुत्रों को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए एसीबी के द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाना, इस बात का सबूत है कि कांग्रेस

- **उपनेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि थानागाजी में कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदार ने टहला तहसील में 2500 बीघा जमीन अवैध तरीके से नियमों को ताक पर रखकर अपने नाम करवा ली**

तथा समर्थित विधायक सरकार में चल रहे अंतरकलह की आड़ में मिनी मुख्यमंत्री बनकर संस्थागत भ्रष्टाचार में लिप्त है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एसएफसी और टीएफसी की राशि से होने वाले विकास कार्यों में ठेकेदारों से अनुबंध के आधार पर मिलीभगत और थानागाजी क्षेत्र में पूर्व में 300 से 400 मीटर तक ट्यूबवेल खोदे गए, किंतु 1000 मीटर गहराई का पैसा उठाया गया। परिवादी ठेकेदार फर्म अंजली बोरवेल में स्थानीय विधायक कांति लाल मीणा के रिश्तेदार दीपक मीना और जमवारामगढ़ विधायक की रिश्तेदार लक्ष्मी मीणा ने अनुबंध कर रखा था। रुकमणी बोरवेल कंपनी में एक सरकारी अधिकारी महेंद्र मीणा (सीडीपीओ) द्वारा ठेके ले रखा था। इस प्रकरण की मामले की उच्च स्तर पर निष्पक्ष जांच होगी तो कई रसूखदार लोगों की कलई खुलेगी।

राठौड़ ने कहा कि थानागाजी में कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदार ने टहला तहसील में 2500 बीघा अवैध तरीके से नियमों को ताक पर रखकर जमीन को अपने नाम करा ली गई। इस प्रकार गहलोत शासन में पूरे राजस्थान में पंचायती राज विभाग में खुल्ली लूट का खेल चल रहा है। प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान की वर्तमान सरकार अपनी कुर्सी बचाने के लिए प्रदेश की संपदा और जनता के टैक्स के पैसे को लूटने का काम कर रही है, प्रदेश के विधायक और उनके करीबी गहलोत सरकार के नाम पर जम कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

कांग्रेस में जारी अंतर्द्वंद्व का संघर्ष अंतहीन

जयपुर (कासं)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस में जारी अंतर्द्वंद्व का संघर्ष अंतहीन है। राठौड़ ने कहा कि जुलाई-2020 के बाद अब एक बार फिर कौरवों की 'ए' और 'बी' टीम आमने-सामने है और जादूगर की जादूगरी में सिर-फुटौवल चरम पर है। राजस्थान की जनता को फिर से भगवान भरोसे छोड़ दिया है। शह और मात के इस खेल में जीत का सेहरा किसी के भी सिर सजे, लेकिन हार तो 7 करोड़ प्रदेशवासियों की भावनाओं और विश्वास की ही होगी।

छोटी चौपड़ से पीसीसी तक निकाली 'भारत जोड़ो यात्रा'

जयपुर (कासं)। राष्ट्रीय एकता व सद्भावना कायम रखने और देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कन्या कुमारी से कश्मीर तक "भारत जोड़ा यात्रा" का असर जयपुर में भी दिखने लगाया। पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना के नेतृत्व में जयपुर में बीते दो सप्ताह से यह यात्रा जयपुर में भी निकाली जा रही है।

सयोजक रुपिन काला एडवोकेट ने बताया कि रविवार को भारत जोड़ो यात्रा छोटी चौपड़ से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय तक निकाली गई। इसमें शामिल हुए लोगों ने तिरंगा झण्डा, बैनर-फ्लैग लेकर रैली निकाली और राजीव गांधी की स्टेच्यू पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा में स्थानीय विधायक अमीन कागजी, पूर्व मेयर ज्योति खण्डेलवाल, जी एस बाफना, रूपिन काला, सुनील कुमार शर्मा, विभूति भूषण शर्मा, राजेन्द्र यादव, घनश्याम सिंह शेखावत, गणेश परिहार, कुसुम जैन, कटेवा, प्रदीप कलवानिया, कुलदीप पुनिया, संत कुमार जैन, जसवन्त गुर्जर, मोहित सोनी, शेर सिंह महला, भगवत सिंह, बीना कुमारी, चन्द्रगुप्त चौपड़ा, मानव मिश्र, मंगल सैनी, बाबू लाल, विनोद जैन, हरिकिशन सैनी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

'तीन सौ से ऊपर कैल्शियम स्कोर तो हार्ट के लिए खतरा'

जयपुर में चल रही नेशनल हार्ट कॉन्फ्रेंस 'राज सीएसआईकॉन-22' का रविवार को समापन हुआ

जयपुर,(कासं)। हर साल हार्ट अटैक से 90 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हालांकि अब हार्ट अटैक होने से पहले ही इसके खतरे को भांपा जा सकता है, लेकिन जागरुकता की कमी के कारण

- **देशभर से आए नामी विशेषज्ञों ने साझा की हार्ट डिजीज और उनके इलाज की नई तकनीक की जानकारियां**

लोग इसकी जांच नहीं करवाते। सीटी एंजियोग्राफी द्वारा कैल्शियम स्कोर मालूम करके हार्ट अटैक के संभावित खतरे को भांपा जा सकता है। अगर यह स्कोर 300 से ऊपर जाए तो समझ लेना चाहिए कि दिल के लिए खतरा है।

जयपुर में चल रही नेशनल हार्ट कॉफ्रेंस में यूएसए से ऑनलाइन जुड़े अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग के डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने यह जानकारी दी। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हार्ट कॉन्फ्रेंस, 'राज सीएसआईकॉन-22' का रविवार को समापन हुआ। डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने बताया कि जेनेटिक कारणों से एशियन और वेस्टर्न लोगों की शारीरिक बनावट में अंतर है।

वेस्टर्न लोगों के मुकाबले एशियन लोगों के हार्ट की नसें भी पतली होती हैं। ऐसे में कोरोनरी हार्ट डिजीज एशिया के लोगों में 10 साल पहले ही आ जाता है। दिल्ली के डॉ. बलबीर सिंह ने हार्ट फेलियर के उपचार में सीआरटी में ईसीजी के महत्व के बारे में बताया। डॉ. विजय त्रेहान ने बैलून माइट्रल वॉल्व की जानकारी दी। हैदराबाद से आए डॉ. सूर्यप्रकाश राव और डॉ. कब्बादी एवं चेन्नई के डॉ. शरत रेड्डी ने जटिल एंजियोप्लास्टी के बारे में अपने अनुभव साझा किए। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एस.एम शर्मा ने बताया कि दो दिन के आयोजन में हार्ट डिजीज के इलाज में हो रहे नए शोध, उपचार तकनीकों से संबंधित पत्र वाचन किए गए। इस दौरान 50 से अधिक प्रजेंटेशन हुए जिसमें 15 रिसर्च पेपर पढ़े गए। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि दूसरे दिन अलग-अलग सत्रों में स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज, इलेक्ट्रोफीजियोलॉजी, इमेजिंग से जुड़ी प्रजेंटेशन और केस स्टडी की जानकारी दी गई। कॉन्फ्रेंस के आयोजन में डॉ. सुनील कुमार जैन, डॉ. सोहन शर्मा, डॉ. सरिता चौधरी, डॉ. प्रदीप मीणा, डॉ. ओपी खोजा सहित अन्य का विशेषज्ञ सहयोग रहा।

श्रील प्रभुपाद के आश्रय समारोह में उमड़े श्रद्धालु

जयपुर। जगतपुरा के श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर में आयोजित श्रील प्रभुपाद आश्रय समारोह में देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने दैनिक जीवन में आध्यात्मिक गतिविधियों को जोड़ने का संकल्प लिया। साथ ही प्रतिदिन हरे कृष्ण महामंत्र की निश्चित मात्रा में जप तथा भगवद्गीता यथा रूप का अध्ययन करने का भी संकल्प लिया। समारोह में ऑनलाइन उपस्थिति विश्व के कई भागों से देखने को मिली। मंदिर के भक्तों के मार्गदर्शन और संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी की प्रेरणा एवं भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से यह सब संभव हो पाया। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि हरे कृष्ण मूवमेंट ने जीवन के मूल्यों के असंतुलन को सही करने के लिए सभी लोगों को शिक्षित एवं सकल्पित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया।

एलएमएनआईटी कॉलेज में करंट से युवक की मौत

जयपुर (कासं)। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके स्थित एलएमएनआईटी कॉलेज में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं, मामले में मृतक के पिता ने कॉलेज डायरेक्टर और मेस ठेकेदार के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि मृतक विपिन कुमार (26) पुत्र विजेंद्र सिंह गांव रतिमानपुर, सिकन्दराऊ जिला हाथरस, यूपी का रहने वाला था। वह यहां एलएमएनआईटी कॉलेज में मेस में बच्चों का खाना बनाता था। घटनाक्रम के मुताबिक 23 सितंबर की शाम करीब 4 बजे वह नहा कर एंगल पर कपड़े सुखा रहा था। इस दौरान कॉलेज परिसर में पड़े बिजली के नंगे तारों की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। मृतक विपिन के परिजन आने पर शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मृतक विपिन के पिता विजेंद्र ने कॉलेज डायरेक्टर राहुल बनर्जी और मेस ठेकेदार रवि रंजन के खिलाफ लापरवाही से मौत का मुक़दमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पदों के पुनर्गठन को मंजूरी

जयपुर। कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग में पदों के पुनर्गठन तथा 11 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंजूरी दी है। इनमें संयुक्त निदेशक के तीन, उप निदेशक के छह एवं सहायक निदेशक के दो नवीन पद शामिल हैं। श्री गहलोत के इस निर्णय से विभाग के अधिकारियों को पदोन्नित के समुचित अवसर मिलेंगे। साथ ही रोजगार कार्यालयों में बेरोजगार आशार्थियों का पंजीयन, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का संचालन व रोजगार मेलों का आयोजन सुगमता से हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट 2022-23 में विभिन्न सेवाओं/कैडर के कार्मिकों के लिए पदोन्नित के समुचित अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यकतानुसार पुनर्गठन तथा प्रमोशनल पोस्ट की संख्या में वृद्धि करने की घोषणा की थी और इसकी अनुपालना में मुख्यमंत्री द्वारा यह मंजूरी दी गई है।

पं. दीनदयाल के जीवन से राष्ट्र के पुनर्निर्माण की प्रेरणा मिलती है : गडकरी

जयपुर (कासं)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान व्यक्ति, विचारक,

- **धानक्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती पर आयोजित समारोह में बोले केन्द्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

आदर्श कार्यकर्ता और प्रखर चिंतक थे। उनके जीवन से राष्ट्र के प्रति समर्पण और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज मुझे दीनदयाल उपाध्याय के बाल्यकाल की पावन भूमि के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। केन्द्रीय मंत्री गडकरी रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती पर दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या, जयपुर में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से किया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिणक रुप से पिछडे दरिद्र नारायण को परमेश्वर मानकर उनका उत्थान करेंगे, उस दिन पं. उपाध्याय का अंत्योदय का विचार साकार हो सकेगा। गडकरी ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मेरे जीवन का सबसे बड़ा काम आदमी द्वारा आदमी ढोने वाली प्रथा बन्द कर ई रिक्शा चलवाकर दीनदयाल के विचार को साकार किया है। दीनदयाल का उद्देश्य गांव व कृषि को समृद्ध करना था। वे भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते थे, जिसकी ओर हम निरन्तर अग्रसर है। हम दीनदयाल के मातृभूमि को शक्ति और सामर्थ्य सम्पन्न बनाने के सपने को साकार करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने "पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या" विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान के क्षेत्र संघचालक, डॉ. रमेश अग्रवाल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय स्वतंत्रत भारत के महानायकों में से एक हैं। उन्होंने एक प्रवासीय यायावर का जीवन जिया। उन्होंने मोतिहारी की यात्रा का वर्णन किया जिसमे दीनदयाल की ईमादारी का उदहारण दिया। उन्होंने कहा कि सच मायने में दीनदयाल ने राष्ट्रवाद को परिभाषित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने परिचय एवं भावी योजनाओं से अवगत कराया। समिति के सह सचिव नीरज कुमावत ने स्मारक का परिचय दिया। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने पं दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक के निर्माण के प्रक्रम को बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उद्योगपति एवं समाज सेवी विनय चोरडिया ने और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व उप-मुख्यमंत्री मणिपुर टी. चाहोबा सिंह ने दीनदयाल जिनके कृषि उन्नत करने के विचार प्रकट किए।

शांति धारीवाल से सी.पी.जोशी के बंगले तक कांग्रेस का देर रात तक 'सियासी ड्रामा'

कांग्रेस अध्यक्ष पद पर अशोक गहलोत के नामांकन और राजस्थान में नया मुख्यमंत्री चुनने से पहले रविवार देर रात तक सिविल लाइंस में 'सियासी ड्रामा' चला। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के घर पर शाम 5 बजे कांग्रेस विधायक इकट्ठा हुए, लेकिन देर रात विधायक दल की बैठक रद्द कर दी गई। इस बीच धारीवाल के बंगले से निकलकर कांग्रेस और समर्थित विधायक बस और निजी वाहनों में बैठकर विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी के घर इस्तीफे देने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

होटल में नाबालिग से दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। करधनी इलाके स्थित एक होटल में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है, जिसका आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले पिंटू सिंह शेखावत उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर खोरा बीसल स्थित एक होटल में ले गया, जहां दुष्कर्म के बाद उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद ब्लैकमेल कर देहशोषण करता आ रहा है और करीब 4 लाख रूपए हड़प चुका है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। इसी प्रकार करधनी इलाके में एक विवाहिता की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि इलाके निवासी 33 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है, जिसका आरोप है शादी से पहले राजकुमार जाट से दोस्ती थी। उसने एक दिन मौका पाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वह करीब दस साल से ब्लैकमेल कर देहशोषण करता आ रहा है। 24 सितम्बर की दोपहर भी राजकुमार पति की गैरमौजूदगी में घर पर आ गया और दुष्कर्म किया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसीपी (चौमूं) राजेंद्र सिंह निर्वाण ने बताया गिरफ्तार आरोपित कृष्ण कुमार मीणा (26) गांव जुगराजपुरा थाना अजीतगढ़ जिला सीकर का रहने वाला है। आरोपित कृष्ण अपनी पत्नी के साथ इलाके स्थित एक मकान में किराए पर रहता था। आरोपित की पत्नी ने इसी मकान में रहने वाली 14 वर्षीय बच्ची को पति की गैर मौजूदगी में अपने पास सोने के लिए बुलाया था। इसके बाद पति कृष्ण रात को शराब के नशे में आया और बच्ची से जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया। मामले में आरोपित कृष्ण की पत्नी की तलाश की जा रही है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मोदी सरकार ने पं. दीनदयाल के अन्त्योदय विचार को जनकल्याणकारी नीतियों से धरातल पर उतारा : पूनिया

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय विचार और दर्शन को जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से धरातल पर सार्थक करने का काम किया है। पूनियां भारतीय जनसंघ के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित बूथ कमलोत्सव के मौके पर प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पूनिया ने कहा कि भाजपा का विपक्ष से एक मजबूत विकल्प बनने का जो लंबा संघर्ष है, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय इन दो शख्सियतों का बड़ा योगदान है। डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान दिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने उसी तरीके से आम आदमी, गरीब की सेवा करते हुए अन्त्योदय जैसा जीवन दर्शन देकर विपरीत परिस्थितियों में भारतीय जनसंघ को खड़ा किया।

भाजपा ने प्रदेशभर में 52 हजार से अधिक सभी बूथों पर बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये गए। बूथ कमलोत्सव कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 329, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर विराटनगर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया उदयपुर शहर, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड जयपुर शहर के सिविल लाइन में शामिल हुए वहीं प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में बूथों पर आयोजित बूथ कमलोत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में डॉ. पूनियां ने कहा कि भारत को हर क्षेत्र में जोड़ने का वास्तविक काम किया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने हाइवेज के जरिए सुगम रास्ते जोड़े, उडान के जरिए हवाई यात्रा की सुविधा की। रेलवे में बड़ा इंवेस्टमेंट करके आधुनीकिरण और दोहरीकरण किया। विद्युतीकरण किया, उसी तर्ज पर आज 5जी देश में इंट्रोडयूस हो गया तो देश को जोड़ने का काम उन्होंने मजबूती से किया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाइवेज के जरिए सुगम रास्ते जोड़े, उडान के जरिए हवाई यात्रा की सुविधा की। रेलवे में बड़ा इंवेस्टमेंट करके आधुनीकिरण और विद्युतीकरण किया। 5जी देश में इंट्रोडयूस हो गया।"**

कार्यालय ग्राम पंचायत सोडावास पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.

क्रमांक-GP/निर्माण/59 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-19/09/22

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक	अनु. राशि (लाखों में)	अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म राशि
1	इंटरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कंजर बस्ती हरिराम की दुकान से श्याम मंदिर की ओर	28/9/22 12 PM	28/9/22 02 PM	28/9/22 03 PM	10.0 लाख	20000	200/-
2	जोहड की सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य धोकलनगर	28/9/22 12 PM	28/9/22 02 PM	28/9/22 03 PM	08.0 लाख	16000	200/-

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत सोडावास — NIB N. ZAL2223A0746 UBN N. ZAL2223GSOB01030 — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सोडावास

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3893-94 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.09.2022

(1) श्री शिवपाल सिंह पुत्र श्री जगदीश प्रसाद मीणा (2) श्री बनवारीलाल पुत्र श्री जगदीश प्रसाद निवासी वार्ड नम्बर 26 चेजारों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुऐ लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.26 चेजारों का मोहल्ला श्रीमाधोपुर	चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है-पूर्व दिशा में प्रभुराम कुमावत का मकान, पश्चिम दिशा में रामावतार शर्मा का मकान, उत्तर दिशा में गली छोडकर सुरेश सैनी व बजरंग कुमावत का मकान व दक्षिण दिशा में दिनेश हरिजन का मकान अवस्थित है।	दुकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 60 फुट 2 इंच, उत्तर से दक्षिणी पूर्वी ओर 27 फुट 6 इंच उत्तर से दक्षिण पूर्वी ओर 27 फुट 6 इंच, उत्तर से दक्षिण 24 फुट कुल क्षैत्रफल 173.24 वर्गगज़ या 144.83 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नही है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.09.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3859-60 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-20.09.2022

श्री अशोक कुमार आसीवाल पुत्र श्री मांगीलाल जाति खटीक निवासी वार्ड नं.13 खटीकों का मोहल्ला नियर संस्कृत कॉलेज कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुऐ लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.13 खटीकों का मोहल्ला नियर संस्कृत कॉलेज श्रीमाधोपुर	चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है-पूर्व दिशा में बोदूराम खटीक का मकान, पश्चिम दिशा में आम रास्ता, उत्तर दिशा में सेडूराम व बोदूराम खटीक का मकान व दक्षिण दिशा में आम रास्ता अवस्थित है।	दुकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम उत्तरी भुजा 24.1 फुट दक्षिणी भुजा 25.7 इंच व उत्तर से दक्षिण भुजा 25.7 इंच व उत्तर से दक्षिण पूर्वी भुजा 29.6 इंच कुल क्षैत्रफल 67.71 वर्गगज़ या 57.44 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नही है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20.09.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर